University in News on 14 July 2023

AMAR UJALA MY CITY PAGE 5

लविवि : एक हजार से अधिक ने छोड़ी प्रवेश परीक्षा



लखनऊ। लविवि में स्नातक पाठ्यक्रमों की प्रवेश परीक्षा में बड़ी संख्या में अभ्यर्थियों के अनुपस्थित रहने का सिलसिला जारी है। बृहस्पतिवार को चौथे दिन भी दोनों पालियों में एक हजार से अधिक छात्रों ने प्रवेश परीक्षा छोड़ दी। बृहस्पतिवार को बीसीए व बीएससी गणित विषय की प्रवेश परीक्षा हुई। पहली पाली में बीसीए की परीक्षा में पंजीकृत 3332 परीक्षार्थियों में से 2457 ही शामिल हुए। 935 अभ्यर्थी अनुपस्थित रहे। दूसरी पाली में बीएससी गणित की प्रवेश परीक्षा में पंजीकृत 3844 अभ्यर्थियों ने 2859 ने परीक्षा दी। 985 अनुपस्थित रहे। कुलपति प्रो. आलोक कुमार ने प्रवेश परीक्षा का निरीक्षण किया। इस दौरान परीक्षार्थियों से बात भी की। (संवाद)

कई पाठ्यक्रमों का परीक्षा कार्यक्रम घोषित

लखनऊ। लखनऊ विश्वविद्यालय ने बृहस्पतिवार को स्नातक स्तर के विभिन्न पाठ्यक्रमों का परीक्षा कार्यक्रम घोषित कर दिया। छात्र-छात्राएं विवि की वेबसाइट पर विस्तृत परीक्षा कार्यक्रम देख सकते हैं। परीक्षा विभाग ने जिन पाठ्यक्रमों का परीक्षा कार्यक्रम घोषित किया है उनमें बीटेक विषम सेमेस्टर, एमबीए पांच वर्ष, एमबीए चौथा सेमेस्टर, एमसीए दूसरा सेमेस्टर, बीसीए चौथा सेमेस्टर व बीए ऑनर्स शामिल है। (संवाद)

फार्मास्युटिकल अनुसंधान को बढ़ावा देगा विश्वविद्यालय

लखनऊ। लखनऊ विश्वविद्यालय फार्मास्युटिकल अनुसंधान को बढ़ावा देने की योजना बना रहा है। इसके लिए बृहस्पतिवार को विवि ने एक निजी कंपनी के साथ एमओयू साइन किया है। इससे विवि के फार्मास्युटिकल साइंसेज संस्थान के विद्यार्थी कंपनी में प्रशिक्षण ले सकेंगे। समझौता ज्ञापन पर लविवि कुलपति प्रो. आलोक कुमार राय और एक्सपेरिओम प्राइवेट लिमिटेड की एमडी डॉ. दिव्या गुप्ता ने हस्ताक्षर किए। इसके तहत कंपनी और लविवि के बीच संयुक्त अनुसंधान परियोजनाएं शुरू की जाएंगी। साथ ही शैक्षिक प्रकाशन, कार्यशालाएं व औद्योगिक प्रशिक्षण कार्यक्रम भी आयोजित किए जाएंगे। डीन अकादमिक प्रो. पूनम टंडन ने बताया कि एक्सपेरिओम प्राइवेट लिमिटेड जीव विज्ञान, जैव प्रौद्योगिकी, फार्मास्युटिकल जैव प्रौद्योगिकी, जीन प्रोफाइलिंग, पादप विविधता विश्लेषण और सूक्ष्म जीव विज्ञान के क्षेत्र में सक्रिय रूप से अनुसंधान और प्रशिक्षण में लगी है। (संवाद)

HINDUSTAN PAGE 7



लखनऊ विश्वविद्यालय में गुरुवार को कुलपति प्रो. आलोक कुमार राय ने आयोजित प्रवेश परीक्षाओं का निरीक्षण किया।

एलयू में 1920 ने बीसीए-बीएससी प्रवेश परीक्षा छोड़ी

लखनऊ। लखनऊ विश्वविद्यालय में प्रवेश परीक्षा के चौथे दिन बीसीए और बीएससी मैथ्स के लिए कुल पंजीकृत छात्रों में से 1920 अभ्यर्थी नदारद रहे। एलयू में स्नातक स्तर के पाठ्यक्रमों में दाखिले के लिए प्रवेश परीक्षा सोमवार से शुरू हो गई है। चौथे दिन गुरुवार को प्रथम पाली में बीसीए की प्रवेश परीक्षा कराई गई। 3392 पंजीकृत अभ्यर्थियों में 2457 उपस्थित और 935 अनुपस्थित रहे। दूसरी पाली में बीएससी मैथ्स की परीक्षा के दौरान पंजीकृत 3844 अभ्यर्थियों में 2859 छात्र-छात्राएं शामिल रहे. जबकि 985 ने परीक्षा छोड दी।

50 फीसदी सीटों पर कालीचरण कॉलेज में सीधी प्रवेश होगा

22 जुलाई से बीटेक चतुर्थ सेमेस्टर की परीक्षाएं शुरू होंगी

एमए इकोनॉमिक्स की मिड सेमेस्टर की परीक्षाएं 20 से

एलयू के अर्थशास्त्र विभाग में परास्नातक स्तर के मिड सेमेस्टर की परीक्षाओं का कार्यक्रम जारी कर दिया गया है। 20 जुलाई से एमए इकोनॉमिक्स द्वितीय व चतुर्थ सेमेस्टर की परीक्षाएं शुरू होंगी।

एमबीए, बीटेक-बीसीए परीक्षा कार्यक्रम जारी

लखनऊ। लखनऊ विश्वविद्यालय द्वारा सम सेमेस्टर के तहत कई विषयों के परीक्षा कार्यक्रम जारी किए गए हैं। बीटेक चतुर्थ सेमेस्टर की परीक्षाएं 22 जुलाई से शुरू होगी। द्वितीय सेमेस्टर की 26 से आरंभ होगी। एमबीए पांच वर्षीय के आठवें सेमेस्टर और एमबीए फाइनेंस, एचआर, मार्केटिंग व आईबी द्वितीय सेमेस्टर की परीक्षाएं 25 से होगी। बीसीए छठे व एमसीए द्वितीय सेमेस्टर का परीक्षा कार्यक्रम भी घोषित कर दिया गया है।

कैरियर कान्वेंट कॉलेज में प्रवेश को आवेदन शुरू

लखनऊ। कैरियर कान्वेंट गर्ल्स डिग्री कॉलेज में स्नातक व परास्नातक स्तर के पाठ्यक्रमों में प्रवेश के लिए आवेदन शुरू हो गए हैं। ऑनलाइन एवं ऑफलाइन आवेदन लिए जा रहे हैं। प्राचार्य डॉ. दीपक श्रीवास्तव ने बताया कि परास्नातक में हिंदी, अंग्रेजी, समाजशास्त्र, जंतु, वनस्पति विज्ञान, भौतिक विज्ञान और एमकॉम प्योर या अप्लाइड में फॉर्म मिल रहे हैं। स्नातक में बीए, बीकॉम, बीएससी में प्रवेश के लिए आवेदन शुरू हो गए।

लखनऊ विश्वविद्यालय में गुरुवार को स्वच्छता पखवाड़ा-2023 आयोजित किया गया। इस दौरान अतिथियों को सम्मानित किया गया।

रोजमर्रा के जीवन में स्वच्छता को करें शामिल

लखनऊ। एलयू में स्वच्छता पखवाडा-2023 शुरू हुआ। अर्थशास्त्र विभाग के जनसंख्या अनुसंधान केंद्र, इंडियन ऑयल के कार्यक्रम में स्वच्छता किट बांटी गई। मुख्य अतिथि इंडियन ऑयल का. लि. की महाप्रबंधक दिपाली पांडेय रही। उन्होंने रोजमर्रा के जीवन में स्वच्छता को शामिल करने के लिए कहा। यहां प्रो. मनोज अग्रवाल, डीएसडब्ल्यू प्रो. पूनम टंडन सहित कई अन्य उपस्थित रहे।

टोडा जनजाति की संस्कृति का अध्ययन करने आज जाएंगे छात्र

लखनऊ। लखनऊ विश्वविद्यालय के मानवशास्त्र विभाग के विद्यार्थियों का 34 सदस्यीय दल शुक्रवार को तमिलनाडु राज्य की नीलगिरि पहाड़ियों के लिए रवाना होगा। छात्र दल वहां की सबसे पुरानी टोडा जनजाति की संस्कृति अध्ययन कर व उसके इतिहास की जानकारी जुटाएगा। अध्ययन पूरा होने के बाद छात्र वहां के राज्यपाल के साथ भोज में शामिल होंगे।

लविवि के छात्र 15 दिन की इस शैक्षणिक यात्रा में टोडा जनजाति के बीच समय बिताएंगे। इस दौरान उनकी जनजातीय संस्कृति और परंपरा समझेंगे। इसमें उनके रहन-सहन, खान-पान एवं समय के साथ उनकी संस्कृति में होने वाले बदलाव की भी जानकारी जुटाएंगे। जनजाति के धुनष-बाण उत्सव में शामिल होंगे। इसके साथ ही स्थानीय विश्वविद्यालयों जैसे चेन्नई की अन्ना यूनिवर्सिटी, कोयंबटूर के कृषि विवि और तंजावुर की शास्त्र यूनिवर्सिटी में तमिल भाषा सीखेंगे। विभागाध्यक्ष प्रो. केया पांडेय ने बताया कि छात्र आदिवासियों के मंड (गांव) में भी जाएंगे। 31 जुलाई को तमिलनाडु के राजभवन में राज्यपाल आरएन रवि के साथ भोजन करेंगे और दौरे अनुभव राज्यपाल से साझा करेंगे। (संवाद)

i-NEXT PAGE I

चंद्रयान-3 मिशन में रितु करिधाल का अहम रोल

एलयू अल्मनाई रितु चंद्रयान-2 में निभा चुकी हैं अहम भूमिका

lucknow@inext.co.in

LUCKNOW (13 July): भारतीय आंतरिक अनुसंधान संस्थान (इसरो) 14 जुलाई को चंद्रयान-3 मिशन लांच करने जा रहा है. इस अभियान को सफल बनाने में रितु करिधाल को अहम जिम्मेदारी मिली है. रितु करिधाल का ताल्लुक शहर से है. वह लखनऊ यूनिवर्सिटी की पूर्व छात्रा भी हैं. चंद्रयान-3 मिशन में अपनी पूर्व छात्रा को प्रतिनिधित्व मिलने पर लखनऊ विश्वविद्यालय के कुलपति, शिक्षक व अधिकारी काफी खुश हैं. एलयू की अधिष्ठाता छात्र कल्याण प्रोफेसर पूनम टंडन ने बताया कि रितु करिधाल राजाजीपुरम की रहने वाली हैं. उन्होंने वर्ष 1991 में लवि में बीएससी भौतिक विज्ञान में प्रवेश लिया था फिर 1996 में एमएससी भौतिक विज्ञान की डिग्री पूरी की. वह शुरू से ही मेधावी छात्रा रहीं. उनकी रुचि स्पेस फिजिक्स में थीं. उसके बाद उन्होंने पीएचडी भौतिक विज्ञान में भी प्रवेश लिया, लेकिन छह महीने के बाद ही वर्ष 1997 में उनका चयन इसरो में हो गया, जिसकी वजह से वह पीएचडी नहीं पूरी कर पाईं थीं.

> एलयू स्टूडेंट्स ने हमेशा ही देश का नाम रौशन किया है. रितु करिधाल इसी कड़ी में एक चमकता सितारा हैं. उन्हें बधाई और चंद्रयान-3 मिशन के लिए शुभकामनाएं.
> **प्रो. आलोक कुमार राय**, कुलपति, एलयू

एलयू ने दी थी मानद उपाधि

एलयू ने अपनी पूर्व छात्रा रितु को वर्ष 2019 के दीक्षा समारोह में मानद उपाधि से सम्मानित किया था. समारोह के बाद रितु करिधाल ने मालवीय सभागार में छात्र-छात्राओं से भी रूबरू हुई थीं. प्रोफेसर पूनम टंडन ने बताया कि रितु करिधाल चंद्रयान-2 में मिशन डायरेक्टर भी रही हैं.

JAGRAN CITY PAGE III

चंद्रयान-3 मिशन में अहम भूमिका निभा रहीं रितु

जासं, लखनऊ : भारतीय आंतरिक अनुसंधान संस्थान (इसरो) 14 जुलाई को चंद्रयान-3 मिशन लांच करेगा। इस अभियान को सफल बनाने के लिए जो टीम दिन रात काम कर रही है, उसमें लखनऊ विश्वविद्यालय की पूर्व छात्रा रितु करिधाल को अहम जिम्मेदारी मिली है। चंद्रयान-3 मिशन में अपनी पूर्व छात्रा को प्रतिनिधित्व मिलने पर लखनऊ विश्वविद्यालय के कुलपति, शिक्षक व अधिकारी काफी खुश हैं।

लखनऊ विश्वविद्यालय की अधिष्ठाता छात्र कल्याण प्रोफेसर पूनम टंडन ने बताया कि रितु करिधाल राजाजीपुरम की रहने वाली हैं। उन्होंने वर्ष 1991 में लवि में बीएससी भौतिक विज्ञान में प्रवेश लिया था। फिर 1996 में एमएससी भौतिक विज्ञान की डिग्री पूरी की। वह शुरू से ही मेधावी छात्रा रहीं।

पूर्व छात्रा रितु करिधाल ● सौजन्य : लवि

उनकी रुचि स्पेस फिजिक्स में थीं। उसके बाद उन्होंने पीएचडी भौतिक विज्ञान में भी प्रवेश लिया, लेकिन छह महीने के बाद ही वर्ष 1997 में उनका चयन इसरो में हो गया, जिसकी वजह से वह पीएचडी नहीं पूरी कर पाईं थीं।

2019 में लवि ने दी थी मानद उपाधि : लवि ने अपनी पूर्व छात्रा रितु को वर्ष 2019 के दीक्षा समारोह में मानद उपाधि से सम्मानित किया था। समारोह के बाद रितु करिधाल ने मालवीय सभागार में छात्र-छात्राओं से भी रूबरू हुईं थीं। प्रो. पूनम टंडन ने बताया कि रितु करिधाल चंद्रयान-2 में मिशन डायरेक्टर भी रही हैं। उन्हें इसरो में लंबा अनुभव है।

यंग साइंटिस्ट अवार्ड भी मिल चुका : रितु करिधाल को साल 2007 में इसरो की ओर से यंग साइंटिस्ट का अवार्ड से भी पुरस्कृत किया जा चुका है। रितु को देश में राकेट वुमन के रूप में भी जाना जाता है।

> विश्वविद्यालय के छात्र-छात्राओं ने हमेशा ही देश का नाम रौशन किया है। रितु करिधाल इसी कड़ी में एक ऐसा चमकता हुआ सितारा हैं। उन्हें बधाई और चंद्रयान-3 मिशन के लिए मेरी शुभकामनाएं हैं।
> **प्रोफेसर आलोक कुमार राय**, कुलपति, लखनऊ विश्वविद्यालय

वरिष्ठ आचार्य के लिए अब 31 जुलाई तक आवेदन

लखनऊ विश्वविद्यालय ने शिक्षकों को वरिष्ठ आचार्य बनने के लिए मौका तो दे दिया, लेकिन उसके लिए आवेदन का प्रारूप डेढ़ महीने बाद भी नहीं तय कर पाया। लिहाजा, अब विश्वविद्यालय को 31 जुलाई तक आवेदन की तिथि बढ़ानी पड़ी है।

दरअसल, विश्वविद्यालय अनुदान आयोग (यूजीसी) ने कुल प्रोफेसरों में से सिर्फ 10 प्रतिशत की ही प्रोन्नति वरिष्ठ आचार्य पद पर किए जाने की बाध्यता हटा दी थी, जिसके बाद लवि ने 23 मई को विश्वविद्यालय में कार्यरत शिक्षकों से वरिष्ठ आचार्य लेवल-15 के लिए कैरियर एडवांसमेंट योजना के तहत प्रोन्नति के लिए नोटिफिकेशन जारी कर 15 जून तक आवेदन मांगे थे, लेकिन डेढ़ महीने से ज्यादा समय होने के बाद भी आवेदन फार्म नहीं जारी हो पाया। हालांकि लवि प्रशासन का कहना है कि आवेदन का प्रारूप यूजीसी की गाइडलाइन के अनुसार तैयार किया जा रहा है।

लवि : प्रवेश परीक्षाओं में 1920 अभ्यर्थी अनुपस्थित

लवि में गुरुवार को बीसीए व बीएससी मैथ्स पाठ्यक्रम में दाखिले के लिए प्रवेश परीक्षा आयोजित की गई। दोनों परीक्षाओं में 5316 अभ्यर्थी शामिल हुए। 1920 अभ्यर्थी अनुपस्थित रहे। इस दौरान कुलपति प्रो. आलोक कुमार ने निरीक्षण भी किया। प्रवक्ता डा. दुर्गेश श्रीवास्तव ने बताया कि सुबह की पाली में बीसीए की प्रवेश परीक्षा हुई, जिसमें 3392 के सापेक्ष 2457 अभ्यर्थी आए। 935 ने परीक्षा छोड़ दी। वहीं, शाम की पाली में बीएससी मैथ्स के लिए 3844 अभ्यर्थियों के सापेक्ष 2859 ने उपस्थिति दर्ज कराई। 985 इसमें अनुपस्थित रहे। शुक्रवार को सुबह की पाली में बीएससी एग्रीकल्चर और दोपहर में बीएससी बायोलाजी की प्रवेश परीक्षा होगी।

AMRIT VICHAR PAGE 2

लखनऊ की बेटी के नेतृत्व में चंद्रयान-3 चांद छूने को तैयार

आज होगा प्रक्षेपण, राजाजीपुरम की रहने वाली रितु करिधाल श्रीवास्तव हैं मिशन डायरेक्टर

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

अमृत विचार : चंद्रयान-3 चांद छूने को तैयार है। शुक्रवार को प्रक्षेपण प्रस्तावित है। इसको लेकर जहां पूरी दुनिया की निगाहें भारत की तरफ हैं। वहीं, लखनऊ वासियों के पास इतराने की बड़ी वजह यह है कि चंद्रयान-3 की डायरेक्टर उनके शहर से हैं।

राजधानी के राजाजीपुरम की रहने वाली वरिष्ठ वैज्ञानिक रितु करिधाल श्रीवास्तव चंद्रयान-3 की मिशन डायरेक्टर हैं। रितु करिधाल मूल रूप से राजाजीपुरम की रहने वाली हैं। उनके माता-पिता का निधन हो चुका है। रितु की शुरुआती पढ़ाई सेंट एगनिस स्कूल और नवयुग कन्या विद्यालय से हुई। इसके बाद लखनऊ विश्वविद्यालय से फिजिक्स में ग्रेजुएशन किया। गेट पास करने के बाद मास्टर्स डिग्री के लिए इंडियन इंस्टीट्यूट ऑफ साइंसेज को ज्वाइन किया। यहां से एयरोस्पेस इंजीनियरिंग में डिग्री ली। 1997 से इसरो से जुड़ी हैं। वह 2007 में इसरो की प्रथम युवा वैज्ञानिक चुनी गईं। विभिन्न अभियानों का हिस्सा रहीं रितु ने मंगलयान मिशन में डिप्टी ऑपरेशन डायरेक्टर की जिम्मेदारी का निर्वाह किया। पांच नवंबर, 2013 को मंगलयान उपग्रह को लांच किया गया था, जो 24 सितंबर, 2014 को मंगल की कक्षा में पहुंचा था। रितु ने अभियान की सफलता के बाद कहा था कि यह मेरी और मेरी टीम की जिम्मेदारी थी कि सुनिश्चित किया जाए कि पूरी प्रक्रिया उसके तय तरीके से हो। यह पहला भारतीय उपग्रह था, जिसमें खुद की खामियों को तलाशने और उन्हें दूर करने की क्षमता थी। सबसे महत्वपूर्ण बात, महिला वैज्ञानिकों ने इस मिशन को सफल बनाने के लिए पुरुष वैज्ञानिकों के साथ कंधे से कंधा मिलाकर काम किया था। रितु चंद्रयान-2 में मिशन डायरेक्टर रह चुकी हैं। उनकी पहचान एक रॉकेट विमेन के रूप में है।

गर्व

● रितु ने मंगलयान मिशन में डिप्टी ऑपरेशन डायरेक्टर की जिम्मेदारी का भी किया था निर्वहन

लविवि के शिक्षक व छात्र भी उत्साहित

चंद्रयान-3 को लेकर लखनऊ विश्वविद्यालय में उत्साहपूर्ण माहौल है। यहां के अध्यापक अपनी इस पूर्व छात्र पर गर्व महसूस कर रहे हैं। लविवि के कुलपति प्रो. आलोक राय ने कहा कि एल्यूमनाई की सफलता से सभी विद्यार्थी व अध्यापक उत्साहित हैं। हमें उन पर गर्व है और इस बात की खुशी कि उन्होंने यहां से शिक्षा प्राप्त की और देश को चांद तक का सफर पूरा कराने में अहम रोल निभाया।

RASHTRIAYA SAHARA PAGE 5

परीक्षाओं का संचालन देखने पहुंचे कुलपति

लखनऊ। लखनऊ विश्वविद्यालय की प्रवेश परीक्षा को देखने के लिए कुलपति प्रोफेसर आलोक कुमार राय पहुंचे। इस दौरान उन्होंने छात्रों से प्रश्न पत्र संबंधी बातें भी पूछी। वहीं दूसरी तरफ लखनऊ विश्वविद्यालय की स्नातक एवं स्नातक प्रोफेशनल पाठ्यक्रमों की प्रवेश परीक्षा के अन्तर्गत 14 जुलाई को सभी केंद्रों को मिलकर लगभग 4500 अभ्यर्थी प्रवेश परीक्षा में शामिल हो रहे है।

मिड सेमेस्टर परीक्षाएं 20 से

लखनऊ : लखनऊ विश्वविद्यालय के एमए इकोनामिक्स दूसरे व चौथे (सीबीसीएस) की मिड सेमेस्टर परीक्षाओं की समय सारिणी विभागाध्यक्ष प्रोफेसर एमके अग्रवाल ने गुरुवार को जारी कर दी। दूसरे सेमेस्टर की यह परीक्षाएं 20 से 27 जुलाई और चौथे सेमेस्टर की मिड सेमेस्टर परीक्षाएं 20 से 23 जुलाई तक होंगी। इन परीक्षाओं का समय सुबह 11 से 12 बजे तक रहेगा। विस्तृत सूचना विभाग के नोटिस बोर्ड पर चस्पा कर दी गई है। (जासं)

विद्यार्थियों को मिलेगा औद्योगिक प्रशिक्षण

जासं, लखनऊ : लखनऊ विश्वविद्यालय के विद्यार्थियों को फार्मास्यूटिकल क्षेत्र में औद्योगिक प्रशिक्षण का मौका मिलेगा। इसके लिए कुलपति प्रो. आलोक कुमार राय ने गुरुवार को एक्सपेरिओम प्राइवेट लिमिटेड के साथ एक समझौता ज्ञापन (एमओयू) पर हस्ताक्षर किए।

इस मौके पर विश्वविद्यालय की डीन एकेडमिक्स प्रो. पूनम टंडन, फार्मास्युटिकल साइंसेज संस्थान के निदेशक प्रो.पुष्पेंद्र त्रिपाठी और एमडी डा. दिव्या गुप्ता उपस्थित रहीं। एक्सपेरिओम प्राइवेट लिमिटेड की ओर से एमडी डा. दिव्या गुप्ता ने एमओयू पर हस्ताक्षर किए। इस सहयोग का उद्देश्य फार्मास्युटिकल विज्ञान के क्षेत्र में नवाचार, ज्ञान के आदान-प्रदान और कौशल विकास को बढ़ावा देना है। इसके तहत दोनों संगठन संयुक्त अनुसंधान परियोजनाएं शुरू कर सकेंगे। इसके अलावा शैक्षिक प्रकाशन, किताबें, लेख, संयुक्त कार्यशालाएँ, और औद्योगिक प्रशिक्षण भी दिया जाएगा। डीन एकेडमिक्स प्रोफेसर पूनम टंडन ने छात्रों को प्रदान किए जाने वाले अनुसंधान और इंटर्नशिप के अवसरों के बारे में बताया।

लखनऊ विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. आलोक कुमार राय ने गुरुवार को एक्सपेरिओम प्राइवेट लिमिटेड के साथ समझौता ज्ञापन (एमओयू) पर हस्ताक्षर किए ● सौजन्य : लवि

VoL PAGE 3, 6

73 फीसदी अभ्यर्थियों ने दी प्रवेश परीक्षा

दाखिले के लिए बीसीए व बीएससी मैथ की हुई प्रवेश परीक्षा

वरिष्ठ संवाददाता (vol)

लखनऊ। लखनऊ विश्वविद्यालय में दाखिला लेने के लिए गुरुवार को बीसीए और बीएससी मैथ प्रवेश परीक्षा हुई। इस परीक्षा में 73 फीसदी से अधिक अभ्यर्थियों ने हिस्सा लिया।

लखनऊ विश्वविद्यालय की स्नातक एवं स्नातक प्रोफेशनल पाठ्यक्रमों की प्रवेश परीक्षा के तहत सुबह पाली में बीसीए की प्रवेश परीक्षा में 2457 अभ्यर्थी उपस्थित रहे जबकि 935 अनुपस्थित रहे। यह परीक्षा जानकीपुरम स्थित लखनऊ विश्वविद्यालय के द्वितीय परिसर सहित छह परीक्षा केंद्रों में हुई। शाम की पाली में बीएससी मैथ की प्रवेश परीक्षा में 2859 अभ्यर्थियों ने परीक्षा दी जबकि 985 अभ्यर्थियों ने परीक्षा छोड़ दी। यह परीक्षा केंद्र लखनऊ विश्वविद्यालय के बाबूगंज स्थित पुराने परिसर एवं जानकीपुरम स्थित द्वितीय परिसर आयोजित हुई।

आज होगी बीएससी एग्रीकल्चर और बीएससी बायो की परीक्षा : लखनऊ विश्वविद्यालय में सुबह की

पाली में बीएससी एग्रीकल्चर की प्रवेश परीक्षा है जो जानकीपुरम स्थित लखनऊ विश्वविद्यालय के द्वितीय परिसर परीक्षा केंद्रों में है। वहीं, शाम की पाली में बीएससी बायोलॉजी की प्रवेश परीक्षा है, जिसका परीक्षा केंद्र लखनऊ विश्वविद्यालय के बाबूगंज स्थित पुराने परिसर एवं जानकीपुरम स्थित द्वितीय परिसर है।

फार्मास्युटिकल से संबंधित अनुसंधान को बढ़ावा देने पर करार

लखनऊ। लविवि के कुलपति प्रो. आलोक कुमार राय ने गुरुवार को एक्सपेरिओम प्राइवेट लिमिटेड के साथ एक समझौता ज्ञापन (एमओयू) पर हस्ताक्षर किये हस्ताक्षर समारोह में विवि के डीन एकेडमिक्स प्रो. पूनम टंडन, फार्मास्युटिकल साइंसेज संस्थान के निदेशक प्रो. पुष्पेंद्र त्रिपाठी और एमडी डॉ. दिव्या गुप्ता ने भाग लिया, जिन्होंने एक्सपेरिओम प्राइवेट लिमिटेड की ओर से समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किये। इस सहयोग का प्राथमिक उद्देश्य दोनों संस्थानों द्वारा संचालित फार्मास्युटिकल और संबंधित वैज्ञानिक अनुसंधान को बढ़ावा देना है। इस समझौता ज्ञापन के तहत दोनों संगठनों द्वारा संयुक्त अनुसंधान परियोजनाएं शुरू की जाएंगी। इसके अतिरिक्त, शैक्षिक प्रकाशन, किताबें, लेख, संयुक्त कार्यशालायें और औद्योगिक प्रशिक्षण भी किया जाएगा। एक्सपेरिओम प्राइवेट लिमिटेड प्रायोगिक जीव विज्ञान, जैव प्रौद्योगिकी, फार्मास्युटिकल जैव प्रौद्योगिकी, जैव सूचना विज्ञान, जीन अभिव्यक्ति प्रोफाइलिंग, पादप विविधता विश्लेषण और सूक्ष्म जीव विज्ञान के क्षेत्र में सक्रिय रूप से अनुसंधान और प्रशिक्षण में लगा हुआ है।

लविवि में हुआ पौधरोपण

लखनऊ। लखनऊ विश्वविद्यालय की 63 यूपी बीएन एनसीसी के तत्वावधान में वन महोत्सव सप्ताह के अवसर पर पौधरोपण कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम को कर्नल हर्ष कुमार झा, सेना मेडल, कमान अधिकारी 63 यूपी बीएन एनसीसी लखनऊ ने अपनी उपस्थिति से सुशोभित किया। साथ ही प्रो. ओपी शुक्ला ने भी कार्यक्रम में भाग लिया। मेजर प्रो राजेश कुमार शुक्ला द्वारा निर्देशित इस कार्यक्रम में 70 कैडेट उपस्थित थे और लगभग 175 पौधे लखनऊ विश्वविद्यालय के भौतिक विज्ञान विभाग के सामने एवं उसकी पार्किंग में लगाये गये। कैडेट्स का नेतृत्व सीनियर अंडर ऑफिसर सौरव पाण्डेय ने किया।

LOKSATYA PAGE 3

एलयू ने एक्सपेरिओम प्राइवेट लिमिटेड के साथ किया समझौता

लखनऊ। लखनऊ यूनिवर्सिटी के कुलपति प्रो. आलोक कुमार राय ने एक्सपेरिओम प्राइवेट लिमिटेड के साथ समझौता ज्ञापन हस्ताक्षर किए। इस दौरान डीन एकेडमिक्स प्रो. पूनम टंडन, फार्मास्युटिकल साइंसेज संस्थान के निदेशक प्रो. पुष्पेंद्र त्रिपाठी और एमडी डॉ. दिव्या गुप्ता ने भाग लिया। इस सहयोग का प्राथमिक उद्देश्य दोनों संस्थानों से संचालित फार्मास्युटिकल और संबंधित वैज्ञानिक अनुसंधान को बढ़ावा देना है। इस समझौता ज्ञापन के तहत, दोनों संगठनों द्वारा संयुक्त अनुसंधान परियोजनाएं शुरू की जाएंगी। इसके अतिरिक्त, शैक्षिक प्रकाशन, किताबें, लेख, संयुक्त कार्यशालाएँ और औद्योगिक प्रशिक्षण भी किया जाएगा। एक्सपेरिओम प्राइवेट लिमिटेड प्रायोगिक जीव विज्ञान, जैव प्रौद्योगिकी, फार्मास्युटिकल जैव प्रौद्योगिकी, जैव सूचना विज्ञान, जीन अभिव्यक्ति प्रोफाइलिंग, पादप विविधता विश्लेषण और सूक्ष्म जीव विज्ञान के क्षेत्र में सक्रिय रूप से अनुसंधान और प्रशिक्षण में लगा हुआ है। लोकसत्य